**दिनांक–03.06.2026 को माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, बिहार की अध्यक्षता में विभाग द्वारा मुख्य अभियंता (दक्षिण) के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

## बैठक की कार्यवाही

माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, बिहार की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता (दक्षिण) के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत सभी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक की कार्यवाही निम्नवत् है:–

### ➢ भवन निर्माण विभाग

- सभी मुख्य अभियंताओं को निदेश दिया गया कि राज्य में भवन निर्माण विभाग द्वारा कितनी निरीक्षण भवन का निर्माण कराया जा चुका है, कितनी प्रगति में है, उसमें से कितनी वर्तमान में उपयोग में है, हॉउस किपिंग हो रहा है या नहीं, साथ ही सभी निरीक्षण भवन का फोटोग्राफ के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

  **अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता।**

- भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सभी निरीक्षण भवन की बुकिंग, रख–रखाव, संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के निर्धारण के लिये अग्रतर कार्रवाई की जाय।

  **अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता/भू–सम्पदा पदाधिकारी**

### ➢ विधि विभाग

- व्यवहार न्यायालय, गयाजी अर्न्तगत न्यायिक आवासिय परिसर में 20 यूनिट 04 ब्लॉक अर्थात 80 पी0ओ0 आवास (जी0+5) एवं कम्युनिटी सेंटर (G.F.) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि आई0आई0टी0, पटना द्वारा अनुमोदित Methodology के अनुसार संवेदक द्वारा नींव में ट्रीटमेंट की कार्रवाई की जा रही है।

  कार्यपालक अभियंता को यह कार्य गुणवत्ता पूर्वक ससमय कराने का निदेश दिया गया।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी**

- भागलपुर जिला अन्तर्गत सिविल कोर्ट, भागलपुर के परिसर में एमिनिटी भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि निविदा निष्पादन हेतु मुख्य अभियंता (दक्षिण) को समर्पित किया गया है।

  निदेशित किया गया कि निविदा समिति की अगली तिथि को निविदा निष्पादन किया जाय।

  **अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण)**

- सासाराम जिला अन्तगर्त सिविल कोर्ट बिक्रमगंज (रोहतास) में लायर्स हॉल के निर्माण के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु प्राप्त जमीन का अनापति प्रमाण पत्र वन विभाग द्वारा नहीं दिया गया।

  निदेशित किया गया है कि इस संबंध में जिला सत्र न्यायाधीश से सम्पर्क कर जिला वन पदाधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम।**

### ➢ ग्रामीण विकास विभाग

- सासाराम जिलान्तर्गत तिलैथु में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जमीन अप्राप्त है।

निदेशित किया गया है कि पत्र के माध्यम से नई जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम।**

- सासाराम जिलान्तर्गत डेहरी में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वित्तीय बीड मूल्यांकन हेतु मुख्य अभियंता (दक्षिण) को समर्पित की गई है।

  निदेशित किया गया है कि निविदा समिति की अगली तिथि को वित्तीय बीड मूल्यांकन कर ली जाय।

**अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण) ।**

- जमूई जिलान्तर्गत गिद्धौर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 40 प्रतिशत कार्य कोर्ट केस के कारण कार्य बंद करा दी गयी है।

  निदेशित किया गया है कि उक्त कार्य को पूनः शुरू करने हेतु जिला सत्र न्यायाधीश से अनुरोध किया जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमूई।**

- मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर में प्रखंड सूचना प्रावैधिकी केन्द्र के निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य का भुगतान नार्वाड द्वारा किया जाता था। वर्तमान में नवार्ड द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कार्य बंद है।

  निदेशित किया गया है कि पुराना एकरारनामा को रद्द करते हुए शेष कार्य का प्राक्कलन बनाकर एक सप्ताह के अन्दर प्रशासी विभाग को नई प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भेजा जाय।

**अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण)/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर।**

## ➢ अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग

- औरंगाबाद जिलान्तर्गत 720 आसन वाले डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, कुटुम्बा, औरंगाबाद का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  निदेशित किया गया है कि उक्त कार्य के संवेदक को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु पत्र दिया जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

## ➢ गृह (कारा) विभाग

- कारा विभाग द्वारा स्वीकृत योजनाओं में जहाँ–जहाँ शौचालय का निर्माण किया जाना है उसे ससमय पूर्ण कर लिया जाय।

**अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- भागलपुर जिलान्तर्गत उप कारा कहलगाँव का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा बताया गया कि जमीन विवादित है।

  निदेश दिया गया है कि इस संबंध प्रशासी विभाग को पत्र दिया जाय।

**अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण)/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर।**

## ➢ युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग

- भागलपुर जिलान्तगर्त सात निश्चय के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कहलगाँव (भागलपुर) के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाप हॉस्टल, कैन्टिन ब्लॉक, प्राचार्य आवास, उप प्राचार्य आवास, चहारदिवारी, पँहुचपथ, फर्नीचर एवं फिनिशिंग कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि कार्य धीमी गति से चल रही है।

निदेशित किया गया है कि उक्त कार्य से संबंधित संवेदक को नोटिस देकर अग्रतर कार्रवाई की जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर।**

**बैठक के अंत में माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा विस्तार से योजनाओं की समीक्षा के उपरान्त बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कुछ महत्वपूर्ण निदेश दिये गये–**

- सभी अधीक्षण अभियंताओं एवं सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया है कि बैठक में अभीतक जो निदेश प्राप्त हुआ है उस अनुसार अग्रतर कारवाई की जाय।
- सभी कार्यपालक अभियंताओं को योजनाओं की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति पी0एम0आई0एस0 पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।
- योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु निरन्तर आवश्यक पत्राचार के साथ ही उसका फॉलोअप करना सुनिश्चित किया जाय।
- प्रशासी विभाग से आवंटन उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लायी जाय तथा आवंटन के अभाव की समस्या का निराकरण किया जाय।

**सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा विस्तार से योजनाओं की समीक्षा के उपरान्त बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कुछ महत्वपूर्ण निदेश दिये गये–**

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं का PMIS पर नियमित रूप से अद्यतन किया जाय।
- सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता अपने स्तर से भी नियमित रूप से सभी योजनाओं का बैठक कर समीक्षा करेंगे।
- योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय तथा गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय।

अंत में बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ज्ञापांक–डी0डी0–1–विविध–49/05/2005–26(पार्ट–VII)________ दिनांक–__________

ह0/–
**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–डी0डी0–1–विविध–49/05/2005–26(पार्ट–VII) 5618 (Ga) दिनांक– 18/6/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।

18.6.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव